प्रीबोर्ड परीक्षा – 2018–19

कक्षा – 12वीं

विषय– हिन्दी विशिष्ट

समयः– 3 घण्टे पूर्णांक–100

निर्देशः–

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल कीजिए।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1x5x5=25 अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक के लिए चार–चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पाँच–पाँच अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 150 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3) दस अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है।

प्र01 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1x5=5)

1.'फिर बसंत आया ' उषा प्रियंवदा का ...................... संग्रह है।

(कहानी / एकांकी)

2.मिट्टी की बारात '............... की प्रसिद्ध रचना है।

( 'शिवमंगल सिंह सुमन ' / गजानन माधव मुक्तिबोध )

3 'कपड़ा ' का पर्यायवाची .......... हैं।

(वसन / कनक)

4 उनको पुकारता हूँ ' कविता ...............की रचना हैं।

(आनंद मिश्र / वीरेन्द्र मिश्र)

5 बिहारी के दोहे .......... काव्य हैं।

(मुक्तक / प्रबंध)

प्र02 सही विकल्प का चयन कीजिए – (1x5=5)

1. बोली का विकासमान स्वरूप जिसमें साहित्य – सृजन होता है–
(अ) विभाषा (ब) राजभाषा (स) भाषा (द) मातृभाषा
2. चित्त में उत्तेजना वृत्ति से सम्बन्ध होता है–
(अ) ओज गुण (ब) प्रसाद गुण (स) माधुर्य गुण (द) अभिधाशब्द शक्ति
3. गौरा को माला पहनाई गयी –
(अ) लाल–सफेद गुलाबों की (ब) लाल–सफेद गेंदा की (स) लाल–पीले कनेर की
(द) पीले गेंदा के फूलों की

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

4. गजाधर बाबू ने गनेशी की बिटिया की शादी करने को कहा –

(अ) अगहन तक (ब) पौष तक (स) माघ तक (द) चैत्र तक

5. 'विजय पथ पर बढ़ सिपाही विजय तेरी है सुनिश्चित ' पक्ति है –

(अ) विष्णुकांत शास्त्री (ब) जयशंकर प्रसाद (स) मैथिलीशरण गुप्त

(द) बालकृष्ण शर्मा नवीन

प्र03 सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए– (1x5=5)

1. जहाँ शांत रस होता है, वहाँ माधुर्य गुण होता है।
2. बद्रीनाथ के पुजारी केरल से आते हैं।
3. भाषा का सम्बन्ध मनुष्य की ध्वनियों से होता है।
4. फूल और मालिन दोनों ही संसार में मधु वर्षा करते रहते हैं।
5. 'तिमिर गेह में किरण–आचरण ' एक एकांकी है।

प्र04 सही जोड़ी बनाइये– (1x5=5)

| | | |
|---|---|---|
| 1. ईश्वर आपकी यात्रा सफल करे | – | संस्मरण |
| 2 गणेश शंकर विद्यार्थी | – | गीत फरोश |
| 3 डा० रघवीर सिंह | – | इच्छावाचक |
| 4 खण्ड काव्य | – | सप्तद्वीप |
| 5 भवानी प्रसाद मिश्र | – | पंचवटी |
| | – | संकेत वाचक |
| | – | रेखा चित्र |

प्र05 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए– (1x5=5)

1. प्रबन्ध काव्य की परिभाषा लिखिए।
2. काले रंग को भयप्रद क्यों कहा गया हैं ?
3. सूर्य पश्चिम में अस्त नहीं होता (विधानवाचक) बनाइए।
4. धरती और बसंत का आपस में क्या नाता है ?
5. लतामंगेशकर के पिता जी का क्या नाम था ?

प्र06 मीरा को हरि से मिलने में कौन–कौन सी कठिनाइयाँ है ? 2

अथवा

अपने को निर्दोष सिद्ध करने के लिए कृष्ण ने यशोदा को क्या–क्या तर्क दिए ?

प्र07 चातक को घातक क्या कहा है ? 2

अथवा

रत्नाकर के अनुसार गोपी–ग्वाल बालाओं की मनोदशा को समझाइए।

प्र08 बलिदानी रंग से कवि का क्या आशय है ? 2

अथवा

नदी द्वीप को किस प्रकार आकार देती है ?

प्र09 निराला के अनुसार ' नतोत्कर्ष ' की बात किसके लिए कही गई है ? 2

अथवा



https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

' महत्ता ' कविता में भारतवर्ष की किन किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ?

प्र010 " देश की समृद्धि की प्रबल आशा " से सरल जी का क्या तात्पर्य है ? 2

अथवा

भारतीय युवाओं का क्रोध किस प्रकार का बताया गया है ?

प्र011 युद्ध में आप्त स्वजन सम्बन्धियों की कितनी पीढ़ियाँ एकत्र हुई थी ? 2

अथवा

भाड़ का अभिषेक करने से पूर्व सुर्रो रानी ने क्या किया ?

प्र012 " लिखने के लिए मैने कभी नहीं लिखा " इस पंक्ति से लेखक का क्या आशय है ? 2

अथवा

गाँव की संध्या में पूजाभाव किन ध्वनियों में प्रकट होता है ?

प्र013 किस प्रकार के भय को आशंका कहा जाता है ? 2

अथवा

परिवार वालों ने गजाधर बाबू के रहने की व्यवस्था कहाँ की थी ?

प्र014 ' दूधो नहाओ ' का आशीर्वाद किस प्रकार फलीभूत हुआ ? 2

अथवा

पावक से श्रृंगार कौन करता है ?

प्र015 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – 2

(1) कलेजा जलना।

(2) माथा ठनकना।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए–

(1) किये गये उपकार को मानने वाला।

(2) जो उच्च कुल में पैदा हो ।

प्र016 दृश्य और श्रव्य काव्य में कोई दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

दुर्मिल छंद की परिभाषा लिखिए।

प्र017 बड़प्पन प्राप्ति की कल्पना से मिश्र जी को भय क्यों लगता है ? 3

अथवा

माँ ने रामकुमार वर्मा को पढ़ाई के सम्बन्ध में क्या निर्देश दिए थे ?

प्र018 वीभत्स रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 3

अथवा

विभावना और विशेषोक्ति अलंकार में कोई तीन अंतर लिखिए।

प्र019 लोकगीत अथवा लोककथा का परिचय देते हुये एक उदाहरण लिखिए। 3

अथवा

" जहाँ हार्दिक सम्बन्ध होता है, वहाँ तर्क की गुंजाइश नहीं होती है " पंक्ति का भाव विस्तार कीजिए।

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

प्र020 प्रगतिवाद की चार विशेषताएँ लिखिए। 4

अथवा

रहस्यवाद और छायावाद में अंतर तथा एक–एक कवि व उनकी रचना लिखिए।

प्र021 रेखाचित्र की विशेषताऐं लिखिए तथा रेखा चित्रकारों के नाम लिखकर उनकी रचना लिखिए। 4

अथवा

उपन्यास की परिभाषा लिखकर तीन उपन्यासकारों के नाम व उनकी रचना का नाम लिखिए।

प्र022 ' जैनेन्द्र कुमार ' अथवा' उदयशंकर भट्ट ' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं पर लिखिए। 4

1. दो रचनाएँ 2. भाषा 3. शैली 4. साहित्य में स्थान

प्र023 ' कबीरदास ' अथवा ' मैथिलीशरण गुप्त ' का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए। 4

1. दो रचनाएँ 2. भावपक्ष 3. कलापक्ष 4. साहित्य में स्थान

प्र024 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए – 4

बड़े न हूजे गुननि बिन, विरद बड़ाई पाय।
कहत धतूरों सों कनक, गहनो गढ़ौ ना जाय ।।
समै– समै सुन्दर सजै, रूप कुरूप न कोय ।
मन की रूचि जेती जितै, तिन तैती रूचि होय ।।

अथवा

नाम अजामिल– से खल कोटि अपार नदीं भव बूड़त काढ़े ।
जो सुमिरें गिरि मेरू सिलाकन होत, अजाखुर बारिधि बाढ़े।।
तुलसी जेहि के पद पंकज़ तें प्रगटी तटिनी, जो हरै अघ ठाढ़े ।
ते प्रभु या सरिता तरिबे कहुँ माँगत नाव करारें ड़्बै ठाढ़े ।।

प्र025 निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए– 4

नरगिस जब बेनूरी पर काफी रो लेती है तब आप शहर में जन्म लेते है। एक शहर में एक पूरी पीढ़ी एक अध्यक्ष को या तीन– चार अध्यक्षों के भाषण झेलती जीवित रहती है। लोग मरते जाते है और अध्यक्ष जीवित रह शोक सभाओं में बोलता रहता है।

अथवा

गोपियों का वह नाथ योगीश्वर होकर भी सन्यासी नहीं बना था। तब ये गोपेश्वर ! तुम्हारे लिए ही यह बनवास क्यों अत्यावश्यक हो गया है ? ..... और गोपियों को उपदेश देने को आकर उद्धव ने तो उनकी विरह–व्यथा सुनी थी। परन्तु गौतम तो अकेले ही हैं। मै किसे अपनी विरह– वेदना सुनाऊं ? वह रिक्त तपस्वी न तो भौंरों की गुनगुनाहट ही सुनेगा और न मेघ के साथ भेजे गए सन्देश ही उस योगी तक पहुँच पाऐंगे।

प्र026 निम्नलिखित अपठित गद्यांशो को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 5

जीवन रूकने का नहीं चलते रहने का नाम है। कुछ लोग असफलता की अवस्था में निराश होकर अपने उत्साह का दामन छोड़ बैठते हैं। वे भूल जाते है कि परिश्रम एवं प्रयत्न में तो भाग्य को बदल देने की क्षमता रहती है। आलसी बनकर रोना–धोना व्यर्थ है। अतः



https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

अपना जीवन सार्थक बनाने के लिए आशा का सहारा लेना चाहिए। आलसी बनकर समय व्यर्थ बिताना अपने साथ अन्याय करना है। हमें भावात्मक कार्य की अपेक्षा रचनात्मक कार्य करना चाहिए दुःख में घबराना कायरता का प्रतीक है। हर शाम को सूरज ढ़लना ही है। रात को आना ही है, तो क्या अंधेरे में हाथ में हाथ रखकर बैठे रहा जाए या उठकर एक दीपक जला लें। सूर्य के सामने दीपक की क्या बिसात। पर एक दीपक भी पर्याप्त है एक घर को रोशन करने के लिए। हमें अपने साधनों और क्षमताओं का प्रयोग कर प्रगति के पथ पर बढ़ना चाहिए।

(1.) दुःख से घबराना किसका प्रतीक है ?
(2.) हमें कैसे कार्य करना चाहिए ?
(3.) भाग्य बदलने की क्षमता किसमें होती है ?
(4) प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए क्या आवश्यक है ?
(5) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र027 प्रवीण्य सूची में उत्तीर्ण होने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने नगर के पोस्ट मास्टर को पत्र लिखिए और शिकायत करें कि आपकी कॉलौनी में डाक वितरण समय से न होने पर आपको जो क्षति हुयी उसका विवरण दीजिए।

प्र028 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए। (7+3=10)

i. प्रगति की ओर भारत के कदम।
ii. स्वच्छ भारत बनाने में हमारी भूमिका।
iii. साहित्य और समाज।
iv. समाचार पत्र की उपयोगिता।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए–

i. खेलों का महत्व
ii. भारतीय समाज में नारी का स्थान
iii. भ्रष्टाचार की समस्या और समाधान
iv. राष्ट्रीय एकता

——XXXX——

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com